मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना

चर्चा में क्यों?

4 जुलाई, 2022 को मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना **(MGKY)** को लागू करने और राज्य में सभी बहुउद्देशीय प्राथमकि कृषि ऋण समतियों **(MPACS)** के कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिये सहकारिता सचिव बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने एकीकृत सहकारी विकास परियोजना कार्यालय में विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में सचिव ने कहा कि सहकारिता मंत्री धन सिंह रावत द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि राज्य के सभी पर्वतीय जिलों में एमजीकेवाई का विस्तार किया जाए।
- योजनांतर्गत कृषकों एवं पशुपालकों को सहकारिता समितियों के माध्यम से पौष्टिक हरा चारा साइलेज प्रदान किया जाता है।
- सचिव ने यह भी बताया कि प्रदेश में पुष्कर सिंह धामी सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर 103 एमपीएसीएस ऑनलाइन हो चुके हैं।
- इसके अतिरिक्त सचिव ने बकरी घाटी गाँवों की समीक्षा के पश्चात् कहा कि अल्मोड़ा, बागेश्वर, चमोली, पौड़ी और रुद्रप्रयाग जिलों में भी बकरी गाँव स्थापित किये जाएंगे, जिनका आकार एक वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में विस्तृत होगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ghasyari-kalyan-yojana-1